<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में प्रदेश की तेरह सीटों पर राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत। अमित शाह ने कुशीनगर और सलेमपुर तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर और चंदौली में अपने प्रत्याशी के लिये की जनसभायें।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में नैक संकल्प कार्यशाला का किया शुभारंभ। कहा– प्रदेश में नैक मूल्यांकन को लेकर विकसित हुआ है सकारात्मक माहौल।
- ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल आज। लखनऊ के हनुमान सेतु और पुराने हनुमान मंदिर में लगेगा मेला। भक्तों की भीड़ को देखते हुए बदला रहेगा यातायात मार्ग।
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक भीषण गर्मी पड़ते रहने का जताया पूर्वानुमान।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है, विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने कल अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए जनसभाए, रैलियां और रोड–शो किये। इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने कल पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में कुशीनगर, सलेमपुर और चंदौली में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि चार जून को राहुल गांधी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और इंडिया गठबंधन की हार के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम जारी होने के बाद कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर डाली जायेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के विकास के लिए है, देश को सुरक्षित करने के लिए है। यह चुनाव हमारे धर्म और संस्कृति की रक्षा का चुनाव है।

***पाँच चरण में मोदी जी तीन सौ दस सीटें पार कर चुके है यह छठा हो गया सातवां होने वाला है आप लोगों को चार सौ पार कराना है। चार तारीख का परिणाम कहता हूँ राहुल बाबा आपकी पार्टी को चालीस भी पार करना नहीं है। मेरी बात याद रखना। देश की जनता ने तय किया है। अगले पाँच साल नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे।***

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में कई बैठकों को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सत्ता में हैं, तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की योजना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान में साफ लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने कल बलिया, रॉबर्ट्सगंज, घोसी और वाराणसी में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों ने बदलते भारत को देखा है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौदह से पहले के भारत और आज के भारत में बहुत बड़ा अंतर है। वरिष्ठ भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कल वाराणसी में वहां के उद्यमियों और व्यापारियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के साथ–साथ विरासत को सवारने का कार्य किया है। इसका परिणाम यह रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

उधर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल गाजीपुर और चंदौली में जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। सपा मुखिया ने कहा  कि जनता भाजपा के झूठे वादों से परेशान है। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और बसपा ने अंदर ही अंदर हाथ मिला लिया है।

***ये संविधान बचाने का भी चुनाव है और ये संविधान है जो हमें सम्मान दिलाता है। यही संविधान है जो हमारे हाथ अधिकार की रक्षा करता है। यही संविधान है जो हमारी संजीवनी है के बीजेपी और बीएसपी ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखे हैं। इसलिए जहाँ हम अपने लोगों से सहयोग और समर्थन मांग रहे हैं। वही अपने हम बहुजन समाज के लोगों से भी अपील करना चाहते हैं की ये चुनाव  बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के संविधान को बचाने का है इसलिए हमारा प्दकपं गठबंधन का साथ दीजिए सहयोग कीजिए जिससे आने वाले समय में हम लोग बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी का संविधान बचा सके।***

वाराणसी में कल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता में दावा किया कि इंडिया गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में खुद को हारता हुए देख कर भाजपा झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी का आरक्षण समाप्त नहीं करेगी।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए प्रदेश के सभी तेरह संसदीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल केन्द्रीय संचार व्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय वाराणसी द्वारा वाराणसी

और चन्दौली लोकसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वाराणसी दूरदर्शन केन्द्र के सहायक निदेशक दूरदर्शन और पीआईबी के मीडिया संचार अधिकारी ने अभियान में शामिल गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की तेरह सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और रॉबर्ट्सगंज सीटे शामिल हैं। मुख्तार अंसारी के परिवार के प्रभाव वाली सीट गाजीपुर में मुकाबला रोचक दिखाई दे रहा है। यह सीट बीते दिनों मुख्तार अंसारी की जेल में मौत होने के कारण पूरे देश में चर्चा में है। इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के कद्दावर नेता मनोज सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भाजपा ने इस सीट से मनोज सिन्हा के करीबी पारसनाथ राय को चुनावी मैदान में उतारा है। उनके अलावा नौ अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.

***पूर्वांचल में वाराणसी के बाद गाजीपुर दूसरी सबसे प्रमुख सीट मानी जाती है। इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के बड़े नेता मनोज सिन्हा को हार मिली थी। एक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिने जाने वाले मनोज सिन्हा को बहुजन समाज पार्टी के अफजाल अंसारी ने एक लाख 19 हजार 392 मतों से हराया था। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी यहां पर तीसरे स्थान पर रही थी। इस बार अफजाल अंसारी इंडिया गठबंधन से बतौर सपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। अफजाल अंसारी पांच बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा ने इस सीट पर मनोज सिन्हा के करीबी माने जाने वाले पारसनाथ राय को प्रत्याशी बनाया है। पारसनाथ राय पेशे से शिक्षक हैं और पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक भी हैं। वहीं बसपा ने उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है, जो पेशे से वकील हैं। गाजीपुर श्रीराम राय कमलेश।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल लखनऊ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला– नैक संकल्प का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थाओं के प्राचार्यों और निदेशकों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में नैक मूल्यांकन को लेकर सकारात्मक माहौल विकसित हुआ है। विश्वविद्यालय नैक में अच्छी ग्रेडिंग पा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों का फीडबैक लेकर उनकी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाना चाहिये।

**********

लखनऊ में आज ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के अवसर पर हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने यातायात मार्ग में परिवर्तन किया है। लखनऊ में आज के अलावा चार जून, ग्यारह जून और अट्ठारह जून को बड़ा मंगल मनाया जाएगा। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को लखनऊ के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। खासकर पुराने हनुमान मंदिर अलीगंज और हनुमान सेतु मंदिर में विशाल मेले का आयोजन होता है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बीते छत्तीस घंटों में राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान सैंतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस झांसी में दर्ज किया गया । मौसम विभाग की ओर से अगले दो दिनों तक पूरे प्रदेश के लिये प्रचंड गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, इटावा, औरैया, झांसी और आसपास के इलाकों में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

**********